




# बहुत कठिन है डगर स्टेशन की

रविन्द्र सिंह चौहान

**हजीरा स्टेट बैंक चौराहे पर सीवर लाइन डालने के लिए खोदा गड्ढा, ट्रैफिक रहता है जाम**

**8 दिनों से आसपास बनी दुकानदरों पर रोजी का बना संकट, मिट्टी के ढेर से ढंकी दुकानें**

**ग्वालियर 21 फरवरी.** बीते एक सप्ताह से तानसेन रोड स्टेट बैंक चौराहे पर नई बड़ी सीवर लाइन का काम शुरू है सीवर लाइन के लिए चौराहे पर विशाल गड्ढा खोदा गया है। इस कारण हजीरा से स्टेशन जाने वाले वाहनों को हर दिन ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। कई बार तो मिट्टी के ढेर के कारण ई रिक्शा पलटने का खतरा रहता है। गड्ढे से निकली मिट्टी के ढेर जो पहाड़ों की तरह नजर आते है उससे वहां बनी कूलर, अलमारी,पान सहित कई दुकानें हफ्ते भर से बंद पड़ी हुई हैं। दुकानदारों पर रोजी का संकट मंडरा रहा है। वहीं आरा मिल इंड्रस्टील एरिया क्षेत्र से मेन रोड आने का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है । इस कारण उस क्षेत्र की जनता को गाडरवाली पुलिया रोड जो रात में लूटपाट के खतरे से खाली नहीं है वहीं से स्टेशन आना जाना पड़ता है।



## दर्द भरी कहानी-दुकानदारों की जुबानी

चौराहे पर बनी दुकान के मालिकों ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि बाबूजी,काम तो क्षेत्र के लिए ठीक हो रहा है पर एक हफ्ते से ज्यादा हो गया। हमारी रोजी रोटी ठप्प पड़ी है अगर ये कार्य 10 दिन और चला तो हमारे घरों में चूल्हे कैसे जलेंगे। वहीं एक दुकानदार ने कहा कि सरकार को जनता के पेट से क्या मतलब,सब कहते है विकास हो रहा है

– ई रिक्शा चालक का कहना है कि चौराहे पर खुदाई होने की बजह से यहां जाम लग जाता है और जब ट्रैफिक ज्यादा हो जाता है सवारी वहां उसमें फंस जाते है इस वजह से भी कई बार हमारे रिक्शे में बैठी सवारी की ट्रेन ही छूट जाती है।

वहीं चौराहे से निकल रही एम्बूलेंस जो कि खाली थी उसके चालक ने बताया कि हजीरा सिविल हॉस्पिटल से अगर कोई मरीज जयारोग्य हॉस्पिटल रेफर किया जाता है तो हमें इस रास्ते से निकलने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।



इस समय यह रोड पर ई रिक्शा में बैठकर निकलना यानी किसी भी समय घटना को न्योता देने के बराबर है।एक बार हम भी रिक्शा में बैठ कर हजीरा से स्टेशन जा रहे थे। चौराहे पर मिट्टी का एक ढेर सड़क के बीचोबीच है उससे रिक्शा बिल्कुल टेढ़ा हो गया अगर वहाँ से निकने बाले पैदल यात्री रिक्शा को हाथ ना लगाते तो वह पलट जाता फिर भी लोग उस पर से ही वाहन चलाकर निकालते हैं।

**सोनिया शर्मा, निवासी हजीरा**



स्टटे बैंक चौराहे से 20 फुट गहरी सीवर पाइप लाइन का काम एक हफ्ते से चल रहा है। मैंने संबंधित अधिकारियों से कहा था कि इस कार्य को रात्रि कालीन में भी चलना चाहिए इससे काम जल्दी हो जाएगा और छोटे व्यपारियों की दुकानें भी समय पर खुलने लगेंगी।

**किरण धर्मेंद्र वर्मा,**
**क्षेत्रीय पार्षद वार्ड 17**

# घर से भागी किशोरियों को किया रेस्क्यू

नवभारत न्यूज

**परिजनों से नाराज हो ट्रेन में बैठकर जा रही थीं खजुराहो**

**ग्वालियर 21 फरवरी.** रेल सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत घर से भागी दो किशोरियों को बीते रोज गाड़ी संख्या 19666 उदयपुर-खजुराहो एक्सप्रेस से सुरक्षित रेस्क्यू कर उनके परिजनों तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू की गई। दोनों परिजनों से नाराज हो ट्रेन में बैठकर खजुराहो जा रही थीं। ग्वालियर पोस्ट से आरपीएफ को सूचना मिली थी कि उक्त ट्रेन के कोच नंबर बी-5 में दो किशोरियां संदिग्ध अवस्था में यात्रा कर रही हैं। ऑन ड्यूटी टीटी भानचंद्र मीणा ने टिकट जांच के दौरान दोनों किशोरियों को घबराई हुई हालत में देखकर तुरंत कंट्रोल को सूचना दी। सूचना मिलते ही डबरा स्टेशन पर ट्रेन के आगमन के आरक्षक वीके अनुरागी तथा महिला आरक्षी भावना मोदी द्वारा कोच बी जांच के दौरान दोनों किशोरियां मिलीं, जिन्हें सुरक्षित उतारकर रेल सुरक्षा बल चौकी डबरा लाया गया।

## मथुरा की रहने वाली हैं दोनों किशोरी

पूछताछ में किशोरियों ने अपना निवास ग्राम मगौरा रामपट्टी, थाना मगौरा, जिला मथुरा (उत्तर प्रदेश) बताया है। दोनों ने बताया कि वे अपने घर से नाराज होकर खजुराहो जा रही थीं। आरपीएफ की टीम द्वारा दोनों को समझाइश देते उन्हें भोजन उपलब्ध कराया गया तथा उनके परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों ने बच्चियों को सुरक्षित रखने का अनुरोध करते हुए बताया कि वे ग्वालियर पहुंच गए इसके बाद मामले की सूचना बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ग्वालियर को दी गई। इंस्पेक्टर एमके कदम, आरक्षक वीके अनुरागी एवं महिला आरक्षी भावना मोदी दोनों किशोरियों को लेकर ग्वालियर पोस्ट पहुंचे, जहां उन्हें आगामी कार्रवाई हेतु सीडब्ल्यूसी की प्रतिनिधि पल्लवी जैन (पर्यवेक्षक) एवं महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा के सुपुर्द किया गया। जिस तरह से रेल सुरक्षा बल ने यह त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई करते हुए दोनों किशोरियों को संभावित खतरे से बचाते हुए सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया है, उसकी क्षेत्र में सराहना हो रही है।

## स्वास्थ्य कर्मचारी 23 व 24 को रहेंगे हड़ताल पर

ग्वालियर । प्रस्तावित प्रदेशव्यापी हड़ताल से पहले आउटसोर्स एजेंसी शर्मा सिक्योरिटी द्वारा जारी पत्र के बाद कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है। कर्मचारियों का आरोप है कि हड़ताल में शामिल न होने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। मध्य प्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशव्यापी आव्हान पर लगभग 30 हजार आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी 23 एवं 24 फरवरी को हड़ताल पर रहेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह के नेतृत्व में भोपाल में जंगी प्रदर्शन किया जाएगा तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## अप्रैल में होगा चतुर्थ ब्राह्मण विवाह सम्मेलन, जिलों में बनाए अध्यक्ष

**ग्वालियर 21 फरवरी.** सकल ब्राह्मण महासमिति के संस्थापक डॉ. जयवीर भारद्वाज, अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा, महिला अध्यक्ष बीना भारद्वाज ने संयुक्त रूप से बताया कि ग्वालियर में सकल ब्राह्मण महासमिति के तत्वाधान में चतुर्थ ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया सोमवार 20 अप्रैल को होगा। विवाह समितियो के विस्तार एवं होली मिलन समारोह सहित विभिन्न आगामी कार्यक्रम को लेकर 7 मार्च को दोपहर 3 बजे प्रधान कार्यालय पर सभी आजीवन सदस्य सक्रिय सदस्य पदाधिकारी की साधारण सभा का आयोजन किया गया है जिसमें विवाह समिति का गठन किया जाएगा। ग्वालियर में चतुर्थ निशुल्क ब्राह्मण शास्त्रोक्त सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी नरेंद्र शर्मा, शिवपुरी में पुरुषोत्तम कांत शर्मा, गुना में राधेश्याम शर्मा एवं दतिया में नरेंद्र कुमार शर्मा को दायित्व सौंपा गया है।






# एलिवेटेड रोड : रूट हुआ डायवर्ट, परिवर्तित मार्ग से निकल रहे वाहन

नवभारत न्यूज

**अब एक महीना तक बंद रहेगा होटल क्लार्क इन से गुरुद्वारा पहुंच मार्ग**

**ग्वालियर 21 फरवरी.** एलिवेटेड रोड निर्माण के चलते आगामी एक माह तक होटल क्लार्क इन से गुरूद्वारा तक का पहुंच मार्ग यातायात आवगमन हेतु पूर्णतः बंद रहेगा। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस द्वारा डायवर्ट रूट प्लान जारी कर शनिवार से उस पर अमल करना शुरू करवा दिया गया है। जिसके तहत फूलबाग की ओर से गुरूद्वारा व नदी गेट की तरफ आने वाले वाहन फूलबाग चौराहा से मुड़कर लाल-बाल-पाल मार्ग का उपयोग कर हाथीवाला गेट, मोती तबेला से होकर नदी गेट की तरफ निकाले जा रहे हैं। वहीं पड़ाव पुल (पुराना/नया) की ओर से नदी गेट की तरफ आने वाले समस्त वाहन एलआईसी तिराहा से मोती महल, मोती तबेला से नदी गेट की ओर से निकल रहे हैं। जबकि छप्पर वाला पुल, रामदास घाटी की ओर से फूलबाग की ओर जाने वाले वाहन नौ-गजा रोड वाले मार्ग का उपयोग कर फूलबाग की ओर जा रहे हैं। इसी प्रकार इंदरगंज की ओर से फूलबाग की ओर जाने वाले वाहन नदीगेट से शान-ए शौकत होकर शिंदे की छावनी से नौ-गजा रोड होते हुए निकाले जा रहे हैं। यातायात पुलिस ने आमजन से डायवर्ट रूट का उपयोग कर व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की अपील की है.

## जाम में फंसने से वाहन चालक हो रहे परेशान

उपनगर ग्वालियर व मुरार सहित रेलवे स्टेशन से लश्कर की ओर आने जाने के लिए फूलबाग गुरुद्वारा से होकन निकलने वाला रोड ही प्रमुख मार्ग है। एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए इसे बंद कर दिए जाने से वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि जिस डायवर्ट रूट से ट्रैफिक निकाला जा रहा है, उस पर लोड काफी बढ़ जाने के कारण सुबह से ही बार बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं इस डायवर्ट रूट पर तैनात किए गए यातायात पुलिसकर्मी भी व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

# 80 वाहनों से वसूला 40 हजार समन शुल्क

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 फरवरी.** ट्रैफिक पुलिस द्वारा रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के विरूद्ध दो दिवसीय विशेष मुहिम चलाई गई। जिसमें 80 वाहनों के चालान काटकर उनके चालकों से जुर्माना बतौर 40 हजार रुपए समन शुल्क वसूला गया।

एसएसपी धर्मवीर सिंह एवं एएसपी अनु बेनीवाल के निर्देश एवं ट्रैफिक डीएसपी अजीत सिंह चौहान के मार्गदर्शन में शहर में रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के विरूद्ध यातायात थाना गोला मंदिर क्षेत्र में 18 एवं 20 फरवरी को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत गोला का मंदिर यातायात थाना प्रभारी अभिषेक रघुवंशी द्वारा डीडी नगर चौराहा, पिंटो पार्क तिराहा, गोला का मंदिर चौराहा एवं एयरपोर्ट तिराहे पर विशेष चेकिंग पॉइंट लगाकर रॉन्ग



साइड वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई। जिसमें ट्रैफिस पुलिसकर्मियों के साथ यातायात वॉलंटियर्स मित्र भी शामिल हुए, जिन्होंने पुलिस द्वारा की गई उक्त कार्रवाई में सहयोग किया एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें उनका पालन करने की समझाइश दी गई। इन दो दिनों की विशेष वाहन चेकिंग में रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले करीब 80 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 116/177 के तहत चालानी कार्रवाई कर 40 हजार रुपए समन शुल्क जमा कराया गया।


**CHANGE OF NAME**

I, ARTEE AGARWAL is legally spouse of No. JC 770200A Rank-Sub Name- AGRAWAL SANTOSH MADANLAL currently residing Village- Kiwla, Post- Kiwla, Tahshil- Loha, Dist- Nanded, State- Maharashtra, Pin - 431707 have changed my name from ARTEE AGARWAL to ARTI SANTOSH AGRAWAL Vide Affidavit No. BX 982160 & Date- 20/02/2026 before District Court Gwalior

**CHANGE OF NAME**

I, No. JC 770200A Rank- Sub Name- AGRAWAL SANTOSH MADANLAL, currently residing Village- Kiwla, Post- Kiwla, Tahshil Loha, Dist- Nanded, State - Maharashtra, Pin-431707 have changed my daughter name from ANOKHI AGRAWAL to ANOKHI SANTOSH AGRAWAL Vide Affidavit No. BX 982159 & Date- 20/02/2026 before District Court Gwalior


# पुलिस ने कसा शिकंजा तो स्टंटबाज हुआ शंट



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 फरवरी.** नई फॉर्च्यूनर से स्टंट करने एवं फायरिंग कर जश्न मनाने का वीडियो वायरल करने वाले स्टंटबाज पर पुलिस ने शिकंता कसा, तो वह पूरी तरह से शंट हो गया। जिसने स्वयं थाने पहुंच पुलिस अफसरों से हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए अपनी गलती पर खेद जताया है। हालांकि पुलिस द्वारा नियमानुसार उसकी गाड़ी का चालान काट जुर्माना वसूल किया गया। विगत रोज सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में एक युवक नई फॉर्च्यूनर से खतरनाक स्टंट करता दिखाई दे रहा था। वीडियो में वह कभी गाड़ी के गेट पर लटकता नजर आया, तो कभी सड़क पर हुड़दंग करता दिखा। इतना ही नहीं शीतला माता चौराहे के पास फायरिंग का वीडियो भी सामने आया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। इस वीडियो के वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई। कंपू थाना पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ लिया।

## नई फॉर्च्यूनर से स्टंट करने का वीडियो हुआ था वायरल

बताया जा रहा है कि दिन में जब पुलिस उसके घर पहुंची तो वह फरार था, लेकिन शाम होते-होते खुद ही थाने पहुंच गया। थाने में पूछताछ के दौरान जब ड्राइविंग लाइसेंस मांगा गया तो वह रोते हुए बोला कि अभी तक लाइसेंस बनवाया ही नहीं है।

## स्टंट न करने की, खाई कसम

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो बनाकर अपलोड करता है और यूट्यूब व अन्य से उसे 40 से 50 हजार रुपए तक की कमाई हो जाती है। पुलिस ने उसे सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में स्टंट न करने की कसम दिलवाई।

## फायरिंग करने वाले की भी हुई पहचान

पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जुर्माना वसूल किया। वहीं अब वीडियो में फायरिंग करते हुए नजर आ रहे उसके साथी की तलाश की जा रही है। बताया गया है कि उसकी भी पहचान कर ली गई है। जिसे जल्द ही दबोच लिया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि सड़क पर स्टंट और हथियारों का प्रदर्शन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो एफआईआर दर्ज कर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

## दतिया आए अखिलेश यादव, 500 कारों के काफिले के साथ झांसी रवाना

**ग्वालियर 21 फरवरी.** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज शनिवार दोपहर दतिया पहुंचे। यहां से वे 500 कारों के काफिले के साथ उत्तर प्रदेश के झांसी के लिए रवाना हुए। वे नेशनल हाईवे-44 पर एक विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे हैं। दतिया पहुंचने के बाद अखिलेश यादव सड़क मार्ग से झांसी के लिए निकले। उनके काफिले में लगभग 500 कारें शामिल थीं। इस दौरान सड़कों पर उनके समर्थकों की भीड़ रही।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती शालिनी पाल पत्नी श्री महीपाल सिंह ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 170 स्थित केदारधाम ग्राम केदारपुर जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 210 का भाग 1000 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 59 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता औतार सिंह पुत्र श्री देवहंस सिंह के परिवारिक सदस्य पातीराम पुत्र श्री देवहंस की काश्त की कृषि भूमि खसरे में संयुक्त भूमि राजस्व अभिलेख में भूमि स्वामी की हैसियत से दर्ज होकर चली आ रही। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुर्सीमा निम्नानुसार है: -पूर्व में - प्लॉट क्र. 171, पश्चिम में प्लॉट क्र. 169, उत्तर में-प्लॉट क्र. 167 दक्षिण में - रोड जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा के विक्रेता औतार सिंह पुत्र श्री देवहंस सिंह के द्वारा उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 170 मेरी पक्षकारा श्रीमती शालिनी पाल पत्नी श्री महीपाल सिंह को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेता परिवार के सदस्य पातीराम पुत्र श्री देवहंस को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती शालिनी पाल पत्नी श्री महीपाल सिंह अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 170 का कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जैना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।

दिनांक 21.02.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिका संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं जितेन्द्र यादव JITENDRA YADAV पुत्र श्री बंसी लाल यादव निवासी- 06 काल्पी ब्रिज कॉलोनी, दर्शन मेमोरियल स्कूल, गोला का मन्दिर, ग्वालियर म.प्र. पिन- 474005 सूचित करता हूं कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे नाम जितेन्द्र यादव की स्पेलिंग JITANDRA YADAV है जबकि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में नाम जितेन्द्र यादव की स्पेलिंग JITENDRA YADAV है जो कि सत्य व सही है अत: मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे नाम की स्पेलिग JITANDRA YADAV के स्थान पर JITENDRA YADAV किया जावे सत्यापित एफिडेविट नं. DC 516584 दिनांक 20/02/2026

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूनम निगम पत्नी श्री भोलानाथ ने एक अचल संपत्ति जिसका प्लॉट क्र. 15, पटवारी हल्का पुर पीपरी, ग्राम शाहपुरा तहसील भिण्ड व जिला भिण्ड मध्यप्रदेश के सर्वे क्र. 76 की होकर जिसकी चतुर्सीमा :- पूर्व में- आम रास्ता 20 फुट, पश्चिम में- भूमि प्रकाश सेठी, उत्तर में- प्लाट क्र. 14, दक्षिण में- प्लाट क्र. 13 व कुल क्षेत्रफल 1160 वर्गफुट है को क्रय करने का लिखतम विक्रय अनुबंध-पत्र संपत्ति मालिक श्रीमान श्रीनारायण पुत्र श्री द्वारिका के साथ संपादित किया है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान ओमप्रकाश, श्रीनारायण पुत्रगण श्री द्वारिका, राधेलाल, राजेंद्र, सुनील पुत्रगण श्री लाखन एवं श्रीमती दौजा पत्नी श्री लाखन तथा श्रीमान गंगाराम, अंगद, महावीर पुत्रगण श्री रामचंद्र के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों मे विधिवत दर्ज है। तदानुसार उक्त संपत्ति के अंश भाग में से केवल श्रीमान श्रीनारायण पुत्र श्री द्वारिका द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख शीघ्र ही क्रेता के पक्ष में संपादित किया जाने वाला है। अत: उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 21.02.2026

प्रेषक- विशाल अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्या- मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसलटेंट
ग्राउंड फ्लोर यादव मार्केट जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नं. 2 के पास सिटी सेंटर ग्वालियर मो. 9826820987

**नाम और जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

मैं DEV GUPTA पुत्र SHRI HEMANT GUPTA जन्मतिथि 17-09-2000, निवासी Doulat Ram Sevak Ram Oil Mill ke Pass, Thakur Das and company Tejendra Nath Ki Gali Lashkar, Grwalior Madhya Pradesh - 474009 यह कि मुझ शपथकर्ता ऊपर लिखे पते पर स्थायी रूप से निवास कर ग्वालियर म.प्र. का मूल निवासी हूं। मुझ शपथकर्ता ने अपने नाम से जो पूर्व मे पासपोर्ट जारी कराया गया है उसमे मेरी त्रुटिवश जन्मतिथि 20-02-1999 और मेरे पिता का नाम SHRI HEMANT KUMAR GUPTA अंकित हो गया है मुझ शपथकर्ता के नाम से जो आधार कार्ड जारी हुआ है उसमें मेरी वास्तविक जन्मतिथि 17-09-2000 और पिता का नाम SHRI HEMANT GUPTA है जो कि सही है और मै अपने पासपोर्ट मे नाम एवं जन्मतिथि सही कराने बावत यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती प्रवेशी सेन पत्नी श्री प्रवीन सेन के स्वत्व स्वामित्व की उक्त अचल संपत्ति भूखण्ड जो कि ग्राम वीरपुर अन्य रोड से अन्दर, जिला ग्वालियर म.प्र. में स्थित है। जिसका म्यु वार्ड क्रमांक 65 है। जिसकी वर्तमान चतुर्सीमा निम्न प्रकार है: पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में - संपत्ति विक्रेता, उत्तर में-प्लॉट श्रीमती रेनू केन, दक्षिण में- प्लॉट द्रोपती कुशवाह है। जिसका कुल क्षेत्रफल 635.5 वर्गफुट यानि 59.06 वर्गमीटर है। उक्त वर्णित संपत्ति मुझ पक्षकार श्रीमती प्रवेशी सेन द्वारा श्री मनोज कुमार पुत्र श्री भागीरथ कुशवाह से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ई-पंजीयन क्रमांक एमपी 142602024ए11268605 दिनांक 23.10.2024 को क्रय की गई थी। जो कि मुझ पक्षकार के विक्रेता एवं उनके पारिवारिक सदस्यों की पुश्तैनी संपत्ति थी। जो कि मुझ पक्षकार के विक्रेता एवं उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम से वहैसियत संपत्ति स्वामी दर्ज है। यहकि उक्त संपत्ति को मुझ पक्षकार के विक्रेता श्री मनोज कुमार पुत्र श्री भागीरथ कुशवाह द्वारा अपने हिस्से की संपत्ति में से मुझ पक्षकार को विक्रय की गई थी। उक्त संपत्ति बावत मुझ पक्षकार के विक्रेता के सहस्वामियों या पारिवारिक सदस्यों या उनके वारिसानों को किसी प्रकार की कोई उज्र या आपत्ति उत्पन्न होती या किसी प्रकार के स्वत्व स्वामित्व संबंधी कोई दावा या किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या परिवार के किसी सदस्य को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती प्रवेशी सेन पत्नी श्री प्रवीन सेन अचल संपत्ति प्लॉट पर निर्माण बावत उक्त संपत्ति को बंधक करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जना स्मॉल फायनेंस बैंक से आवंटित करा रही है।

दिनांक 21.02.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिका संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954




